**पशु प्रदर्शनी एवं कृषि मेला का आयोजन नुमाइश ग्राउंड, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश में किया गया**

पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार द्वारा आईसीएआर-सेंट्रल इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च ऑन कैटल, मेरठ के सहयोग से नुमाइश ग्राउंड, मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश में 6 - 7 अप्रैल 2023 को दो दिवसीय पशु प्रदर्शनी **एवं** कृषि मेला आयोजित किया गया। मेले का उद्घाटन 6 अप्रैल 2023 को श्री नितिन जयराम गडकरी, माननीय कैबिनेट मंत्री सड़क परिवहन और राजमार्ग के द्वारा किया गया था। श्री परषोत्तम रूपाला, माननीय केंद्रीय कैबिनेट मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री, भारत सरकार, श्री धर्मपाल सिंह, माननीय कैबिनेट मंत्री, पशुपालन, उत्तर प्रदेश सरकार और डॉ. संजीव कुमार बालियान, माननीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री, भारत सरकार के उपस्थिति थे।

मेले में **180** प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गये जिसमें से **28** मशीनरी और उपकरणों से, **35** कृषि स्टार्टअप से, **17** कृषि मंत्रालय से, **40** पशुपालन और डेयरी विभाग से, **15** मत्स्य पालन क्षेत्र से और **45** आईसीएआर, एसएयू, कॉमन सर्विस सेंटर और पशु चिकित्सा से था। इन एजेंसियों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों को प्रदर्शित करने की व्यवस्था की गई थी। दूसरे दिन, स्कूल और कॉलेज के छात्रों सहित लगभग **20000** प्रतिभागियों ने मेले में भाग लिया।

मेले के दूसरे दिन (7 अप्रैल 2023) पशुओं के विभिन्न श्रेणियों जिनमे गौ वंश की स्वदेशी तथा संकर नस्लें, भैंसे, भेड़, बकरी, अश्व की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक समिति में आईसीएआर, राज्य पशुपालन विभाग, राज्य कृषि/पशु चिकित्सा विश्वविद्यालयों जैसे विभिन्न संस्थानों के पशु विज्ञान/पशु चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल थे। मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। आने वाले किसानों के लिए कृषि उपकरण के विभिन्न निर्माताओं द्वारा प्रायोजित लॉटरी योजना की भी व्यवस्था की गई थी। मेले का आयोजन पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार द्वारा आईसीएआर-सेंट्रल इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च ऑन कैटल, मेरठ के समन्वय से किया गया। मेले का आयोजन में पशुपालन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

दूसरे दिन भैंस, भेड़, बकरी और घोड़ों की विभिन्न श्रेणियों का शो और जजिंग का आयोजन किया गया। 07 अप्रैल 2023 को दोपहर 02:30 बजे मेले का समापन समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि श्री गिरिराज सिंह, माननीय केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायतीराज मंत्री, भारत सरकार थे। अपने संबोधन के दौरान श्री गिरिराज सिंह ने देश के ग्रामीण पशुपालकों की आजीविका में देशी पशुओं की भूमिका पर बल दिया। उन्होंने पशुपालन की अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए उन्नत तकनीकों को अपनाने का आग्रह किया। डॉ. संजीव कुमार बाल्यान, माननीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री ने अपने संबोधन के दौरान मेले को भव्य रूप से सफल बनाने में क्षेत्र के कृषक समुदाय द्वारा दिखाई गई रुचि की सराहना की।

समापन कार्यक्रम के दौरान, कृषि उपकरण के विभिन्न निर्माताओं द्वारा प्रायोजित लॉटरी योजना के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। पशु शो की विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को नकद पुरस्कार के साथ प्रमाण पत्र, पदक वितरित किए गए। हरियाणा के सोनारिया के श्री अर्जुन सिंह के मुर्रा नर को मेले का चैंपियन पशु घोषित किया गया। समपान समोराह में श्री विजयपाल सिंह तोमर, सांसद, राज्य सभा, श्री पंकज सिंह, विधानसभा सदस्य तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सिरकत की।

पशु प्रदर्शनी और कृषि मेला 7 अप्रैल 2023 की शाम को समाप्त हो गया।

**Pashu Pradharshini and Krishi Mela organized at Numaish Ground, Muzaffarnagar, Uttar Pradesh**

The two days Pashu Pradharshini and Krishi Mela organized on $6^{th}$ and $7^{th}$ April 2023 by Department of Animal Husbandry and Dairying, GoI in cooperation with ICAR-Central Institute for Research on Cattle, Meerut at Numaish Ground, Muzaffar Nagar Uttar Pradesh. The mela was inaugurated on $6^{th}$ April 2023 by the Sri. Nitin Jairam Gadkari, Hon'ble Cabinet Minister of Road Transport and Highways, GoI in the presence of Sri. Parshottam Rupala, Hon'ble Union Cabinet Minister of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying GoI, Sri. Dharmpal Singh, Hon'ble Cabinet Minister of Animal Husbandry, Government of Uttar Pradesh and Dr. Sanjeev Kumar Balyan, Hon'ble Minister of State for Fisheries, Animal Husbandry and Dairying GoI.

In the mela, 180 exhibition stalls comprising of 28 from machinery and tools, 35 from Agricultural startups, 17 from Ministry of Agriculture 40 from Department of Animal Husbandry and Dairying, 15 from fisheries sector and 45 from ICAR, SAU, common service centres and veterinary pharmaceuticals were arranged to display the activities performed by these agencies. On the second day, around 20000 participants including the school and college students attended the mela.

On the second day of Mela ($7^{th}$ April 2023), the animal show and judging were conducted for different categories of cattle, buffaloes, sheep goat and horses. The judging committee consisted of the animal science / Veterinary experts from various Institutions like ICAR, State Animal Husbandry Department, State Agricultural / Veterinary Universities. During the Mela, cultural programs were also arranged. Lottery scheme sponsored by different manufacturers of agricultural equipment for visiting farmers was also arranged. The Mela was organized by the Dept of Animal Husbandry and Dairying, GoI in coordination with ICAR-Central Institute for Research on Cattle, Meerut. The Department of Animal Husbandry, Government of Uttar Pradesh also played an important role in organizing the Mela.

On the second day, show and judging of various categories of buffaloes, sheep, goat and horses were conducted. The valedictory function of the mela held on $07^{th}$ Apr 2023 at 02:30 PM which was graced by Sri. Giriraj Singh, Minister of Rural Development & Panchayati Raj along with Dr. Sanjeev Kumar Balyan, Hon'ble Minister of State for Fisheries, Animal Husbandry and Dairying, GoI. During his address Sri. Giriraj Singh stressed the importance of indigenous animals on the livelihood of the rural livestock farmers of the country. He urged to adopt the advanced technologies for improving the economy of livestock farming. Dr. Sanjeev Kumar Balyan Hon'ble Minister of State for Fisheries, Animal Husbandry and Dairying GoI during his address appreciated the interest shown by the farming community of the region in making the mela a grand success.

During the valedictory program, the winners of the lottery scheme sponsored by different manufacturers of agricultural equipment were presented with the prizes. The winners of the various categories of animal shows were distributed with the certificates, medals along with the cash prizes. The Murrah male owned by Sri Arjun Singh from Sonaria, Haryana was adjudged as the champion animal of the mela. In the valedictory session Shri Vijay Pal singh Tomar, Member of Parliament Rajyasabha, Shri Pankaj Singh, MLA and other dignitaries were also present.

The Pashu Pradharshini and Krishi Mela came to an end on the evening of $7^{th}$ April 2023.